an>

Title: Issue regarding opening of private hospitals by the Government hospitals doctors in Bihar.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : अध्यक्ष महोदया, मैं लोक हित का मामला उठा रहा हूं और आपका संरक्षण चाहता हूं। राज्य में जो पीएमसीएच एवं अन्य अस्पताल हैं, वहां के डाक्टर पीएमसीएच में सरकारी कार्य कर रहे हैं और अपना निजी अस्पताल भी खोलकर बैठे हैं। यह सरकार और संविधान के नियम के विपरीत है।

अभी सफदरजंग से लेकर सभी जगह के डाक्टर हड़ताल पर जा चुके हैं। हिन्दुस्तान में डाक्टर हड़ताल न करें। डाक्टर फीस लेते हैं और अपने को भगवान कहते हैं, यह कैसे हो सकता है? मैं कहना चाहूंगा कि उन पर एस्मा लगाकर किसी भी परिस्थिति में डाक्टर्स की हड़ताल खत्म की जाए। हिन्दुस्तान में डाक्टर्स हड़ताल न करें, इस पर कोई कठोर कानून बने।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजेश रंजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जा है।